दैनिक प्रातः कालीन हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 281 मुरादाबाद, 08 February 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संसद में सरकार पर जमकर बरसे राहुल गांधी, तुर्किये की स्थिति पर भावुक हुए पीएम मोदी





नई दिल्ली, ऑनलाइन डेस्क। मंगलवार को देश और दुनिया में कई ऐसी घटनाएं घटी जिसने सुर्खियां बटोरी। आइए आज दिन-भर 05 बड़ी खबरों पर एक नजर डालते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में चर्चा के दौरान हिस्सा लिया। राहुल ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से बहुत कुछ सीखने को मिला। वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तुर्किये और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप से हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में चर्चा के दौरान हिस्सा लिया। राहुल ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से बहुत कुछ सीखने को मिला। इस दौरान जनता से बात करने का मौका मिला। आजकल राजनेताओं की ओर से पैदल चलने का चलन अब कम हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को तुर्किये और सीरिया में आए विनाशकारी भूकंप से हुई मौतों पर शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करते समय पीएम मोदी काफी भावुक हो गए और गुजरात के भुज में 2001 में आए शक्तिशाली भूकंप को याद किया, जिसमें हजारों लोगों की जान चली गई थीं। अडानी ग्रुप के शेयरों में मंगलवार को तेज उछाल देखा जा रहा है। ग्रुप के कुछ शेयर 20 प्रतिशत से लेकर 5 प्रतिशत तक चढ़े हुए हैं। हालांकि, कुछ शेयरों में गिरावट का ट्रेंड बना हुआ है। तेजी वाले शेयरों में ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज, अडानी ट्रांसमिशन, अडानी पोर्ट, अडानी विल्मर और अडानी ग्रीन एनर्जी शामिल हैं। वहीं, अडानी टोटल गैस और अडानी पावर में गिरावट है। तुर्किये में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। पिछले 36 घंटों में पांचवीं बार तुर्किये में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएमएससी) के अनुसार, पूर्वी तुर्किये क्षेत्र में 5.7 तीव्रता का भूकंप आया है। भूकंप का केंद्र 46 किमी (28.58 मील) की गहराई पर था। इससे पहले आज सुबह भी मध्य तुर्किये में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया था। मंडप सज रहा है... शादी की तैयारियां हो चुकी हैं। एक्ट्रेस कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा आज शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। दोनों 7 फरवरी यानी आज सात फेरे लेकर हमेशा के लिए एक दूसरे का हाथ थामने वाले हैं। शादी से पहले इस कपल की हल्दी सेरेमनी, चूड़ा सेरेमनी और संगीत सेरेमनी का आयोजन हुआ, जिसकी कुछ झलक सोशल मीडिया पर भी वायरल हुई।

## भईया काशी नहीं बन पाया अभी तक क्योटो: अखिलेश ने पानी में लेटे पूर्व पार्षद का वीडियो ट्वीट कर सरकार पर कसा तंज





वाराणसी में पूर्व पार्षद ने गड्ढे में बह रहे पानी में लेटकर धरना दिया। साथ ही हाथ में एक पोस्टर भी लिया जिसमें लिखा था- देखो जलकल संस्थान की लापरवाही , सात दिन से पानी बह रहा है। पूर्व पार्षद का वीडियो इस कदर वायरल हुआ कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे ट्वीट करके सरकार पर हमला कर दिया। वाराणसी के नई सड़क पर कुछ दिनों से पाइप में लिकेज का पानी सड़क पर बह रहा है। जिसका विरोध पूर्व पार्षद शाहिद अली ने अनोखे अंदाज में किया। पूर्व पार्षद गड्ढे में बह रहे पानी में लेट गए और धरना दिया। साथ ही हाथ में एक पोस्टर भी लिया जिसमें लिखा था- देखो जलकल संस्थान की लापरवाही , सात दिन से पानी बह रहा है। पूर्व पार्षद का वीडियो इस कदर वायरल हुआ कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे ट्वीट करके सरकार पर हमला बोल दिया। अखिलेश यादव ने वीडियो ट्वीट करते हुए लिखा- भइया काशी नहीं बन पाया अभी तक क्योटो...दिल्ली-लखनऊ वाले यहां भी खिंचवाएं फोटो। अखिलेश के ट्वीट के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। साथ ही विपक्ष सरकार पर हमला बोलने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहती। बता दें कि पूर्व पार्षद शाहिद अली ने सोमवार को गड्ढे में बहते पानी में लेटकर प्रदर्शन किया। शाहिद अली ने कहा कि पेयजल लाइन कई दिनों से लीक होने की शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस कारण बेनिया, नई सड़क से लगड़ा हाफिज मस्जिद तक सड़क पर फिसलन की स्थिति हो गई है। कहा कि जलकल संस्थान की इस लापरवाही से आने-जाने में परेशानी हो रही है। इससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। वहीं पाइप लाइन में लिकेज से प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पीने का बेकार हो रहा है। इससे जलसंकट को लेकर विभागीय पदाधिकारियों की उदासीनता उजागर हो रही है।

## रात में निर्वस्त्र घूमने वाली महिला के प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज, जल्द ही पुलिस के निशाने पर होंगे ये लोग



रामपुर पुलिस द्वारा वीडियो वायरल होते ही सोशल मीडिया पर तत्काल आमजन से ये अपील की गई थी कि माननीय न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन हेतु कोई ऐसी वीडियो प्रसारित न करें, जिससे किसी महिला की गरिमा भंग हो। रामपुर के मिलक थाना पुलिस ने एक मानसिक रूप से कमजोर युवती का निर्वस्त्र स्थिति में वीडियो वायरल करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि कुछ लोगों ने न केवल माननीय न्यायालय के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन किया, बल्कि सामाजिक व मानवीय दृष्टिकोण को दरकिनार कर एक नारी की गरिमा को भी भंग किया गया। रामपुर पुलिस द्वारा वीडियो वायरल होते ही सोशल मीडिया पर तत्काल आमजन से ये अपील की गई थी कि माननीय न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन हेतु कोई ऐसी वीडियो प्रसारित न करें, जिससे किसी महिला की गरिमा भंग हो। इस पर सोमवार को भारतीय किसान संघ रामपुर के जिला अध्यक्ष आदेश शंखधर की लिखित तहरीर पर थाना मिलक, रामपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। रामपुर पुलिस द्वारा शीघ्र ही ऐसे लोगों को चिन्हित कर आवश्यक विधिक कार्यवाई की जाएगी। बता दें कि मिलक में मंगलवार को एक वीडियो वायरल हो रहा था। जिसमें रात के वक्त एक महिला निर्वस्त्र घूमती दिखाई दे रही थी। इस मामले में एक पूर्व सभासद ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। उनका आरोप था कि एक महिला ने सोमवार को रात करीब एक बजे उनके दरवाजे की घंटी बजाई और दरवाजा खोलने के लिए कहा। महिला को निर्वस्त्र देखकर उन्होंने दरवाजा नहीं खोला। इसके बाद वो वहां से चली गई। इसकी पहचान को गोपनीय रखते हुए पुलिस ने बताया था कि महिला मानसिक रूप से कमजोर है।

## अग्निवीर योजना से देश का युवा सहमत नहीं, डोभाल ने थोपा आइडिया संसद में बोले राहुल गांधी




नई दिल्ली, ऑनलाइन डेस्क। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को लोकसभा में चर्चा के दौरान हिस्सा लिया। राहुल ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से बहुत कुछ सीखने को मिला। इस दौरान जनता से बात करने का मौका मिला। आजकल राजनेताओं की ओर से पैदल चलने का चलन अब कम हो गया है।

### लोगों ने बेरोजगारी पर पूछे सवाल- राहुल गांधी

राहुल ने कहा कि यात्रा के दौरान लोग हमसे मिले। लोगों ने हमसे सवाल किए। लोग हमसे बेरोजगारी को लेकर सवाल पूछते थे। थोड़ी देर चलने के बाद एक बदलाव आया। हम सबसे अपनी बात बताने का अहंकार होता है। 500 किमी चलने के बाद जनता की आवाज गहराई से सुनाई देने लगी।

### बेरोजगारी, किसानों के मुद्दे पर भी घेरा

राहुल ने कहा कि यात्रा के दौरान लोग आते थे और कहते थे बेरोजगार हैं। हजारों किसान भी हमारे पास आए। पीएम बीमा किसान योजना की बारे में बताया। किसानों ने बताया कि बीमा का पैसा उन्हें नहीं मिलता। किसानों ने ये भी कहा कि हमारी जमीन छीन ली जाती है। राहुल ने कहा कि लोगों ने अग्निवीर पर भी बातचीत की। सरकार ने बताया कि अग्निवीर से लोगों को फायदा होगा, लेकिन देश का युवा आपकी बात से सहमत नहीं है।

### अग्निवीर योजना थोपी गई

राहुल ने कहा कि लोगों ने अग्निवीर पर भी बातचीत की। सरकार ने बताया कि अग्निवीर से लोगों को फायदा होगा। लेकिन देश का युवा आपकी बात से सहमत नहीं है। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा योजना से सेना कमजोर होगी। राहुल ने कहा कि आरएसएस और अजीत डोभाल ने इस योजना को थोपा।

### गौतम अदाणी को लेकर करारा वार

राहुल गांधी ने गौतम अदाणी के मुद्दे पर मोदी सरकार पर सीधा हमला किया। राहुल ने कहा कि तमिलनाडु से लेकर मध्य प्रदेश तक एक जगह सब नाम सुनाई दे रहा है। गौतम अदाणी... ये नाम पूरे भारत में सुनाई दे रहा है। इस नाम के बारे में जब लोग मुझसे बोलते थे, तो सवाल पूछते थे। लोग पूछते थे कि अदाणी किसी भी बिजनेस में घुसते हैं और सफल हो जाते हैं। युवाओं ने पूछा कि ये कैसे हो रहा है।

### राहुल गांधी के तीखे सवाल

साल 2014 से लेकर 2022 तक 8 मिलियन डॉलर से 140 मिलियन डॉलर कैसे हुआ। 2014 में दुनिया में सबसे अमीर लोगों में ये 609 नंबर पर थे। जादू हुआ और ये दूसरे नंबर पर पहुंच गए। मुझसे लोगों ने पूछा कि हिमाचल मे सेब की बात होती है तो अदाणी, कश्मीर में सेब की बात होती है तो अदाणी... पोर्ट्स की बात होती है तो अदाणी। लोगों ने ये भी पूछा की अदाणी इतने सफल कैसे हुए।

### पीएम मोदी के साथ अदाणी का कैसा रिश्ता?

राहुल गांधी ने सवाल किया कि अदाणी का पीएम मोदी के साथ कैसा रिश्ता है। इस दौरान उन्होंने अदाणी की तस्वीर वाला एक पोस्टर भी दिखाया, जिस पर स्पीकर ओम बिरला ने उन्हें रोका। राहुल ने कहा कि जब मोदी जी गुजरात के सीएम थे तब दोनों के बीच जानकारी हुई। भारत के ज्यादातर बिजनेस जब पीएम पर सवाल उठा रहे थे, तब एक आदमी पीएम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा। जब पीएम दिल्ली आए और 2014 में फिर असली जादू शुरू हुआ।

### एयरपोर्ट को ठेके पर देने के नियम बदले गए

कांग्रेस सांसद ने कहा कि कुछ साल पहले सरकार ने एयरपोर्टों को विकास के लिए दिया। इसमें एक नियम था कि जिसने पहले एयरपोर्ट बिजनेस नहीं किया तो वो ये काम नहीं कर सकता। मोदी सरकार ने अदाणी के लिए इस नियम को बदल दिया।

## चंद्रशेखर आजाद पहुंचे गोरखपुर, बोले- मानस से निकाली जाएं अपमानित करने वाली पंक्तियां



चंद्रशेखर ने कहा कि ठेकेदारी में आरक्षण को लागू किया जाए। आदिवासियों और दलितों को पहले दी गई जमीनों को वापस न लिया जाए। अति पिछड़ी जातियों के लिए 15 फीसदी का अतिरिक्त आरक्षण दिया जाए। केंद्र और प्रदेश की सरकार उनकी मांगों को नहीं सुनेगी तो हर जिला मुख्यालय पर मजबूरन आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी को सड़क पर उतरकर आंदोलन करना पड़ेगा। प्राचीन काल में लिखे श्रीरामचरित मानस की कुछ पंक्तियों से समाज का बड़ा वर्ग अपमान महसूस कर रहा है। सरकार को इन पंक्तियों को इस महाकाव्य से निकाल देना चाहिए। इससे बड़े वर्गों में अपमान की भावना खत्म हो। यह बातें आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने कही। वह सोमवार को गोरखपुर पहुंचने के बाद गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रदेश सरकार से कुछ मांगे रख रही है। जाति आधारित जनगणना कराई जाए। जिससे जाति की आबादी के आधार पर आरक्षण का लाभ मिले। ठेकेदारी में आरक्षण को लागू किया जाए। आदिवासियों और दलितों को पहले दी गई जमीनों को वापस न लिया जाए। अति पिछड़ी जातियों के लिए 15 फीसदी का अतिरिक्त आरक्षण दिया जाए। केंद्र और प्रदेश की सरकार उनकी मांगों को नहीं सुनेगी तो हर जिला मुख्यालय पर मजबूरन आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी को सड़क पर उतरकर आंदोलन करना पड़ेगा। कहा कि आगामी 13 फरवरी को हर जिला मुख्यालय पर आजाद समाज पार्टी आंदोलन करेगी। अगले एक महीने तक सुनवाई नहीं होती है, तो विधानसभा का घेराव भी करेगी। यह मांगें कमजोर वर्ग उनकी तरक्की से जोड़ सकती है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में निराश्रित गौवंशों के संरक्षक/भरण पोषण एवं अन्य योजनाओं से संबंधित बैठक सम्पन्न

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद - जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय पर निराश्रित गौवंशों के संरक्षक/भरण पोषण एवं अन्य योजनाओं से संबंधित बैठक आयोजित की गयी। बैठक में क्रियाशील स्थायी गौ आश्रय स्थल में किए जा रहें क्षमता विस्तार की प्रगति एवं नवीन वृहद गौ संरक्षण केन्द्रों की स्थापना की प्रगति की समीक्षा की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौ संरक्षण केन्द्रों की स्थापना को गम्भीरता से लें तथा इसमें किसी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नही किया जायेगा। बैठक में संरक्षित गौवंशों को वर्ष भर



हरा चारा उपलब्ध कराये जाने हेतु चिन्हांकित की गयी चारागाह की भूमि पर हरा-चारा/नैपियर ग्रास उगाये जाने की प्रगति की समीक्षा की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोशिश करें नैपियर घास गौशाला के आस-पास में उगायी जाये एवं जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिये कि घास के बीज की डिमाण्ड करवाकर व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि गौ आश्रय स्थलों को प्राथमिकता स्तर पर ध्यान देकर कार्य करें। खण्ड विकास अधिकारी बिलारी की कार्यशौली पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कार्य में किसी प्रकार की गडबड़ी बर्दाश्त नही की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कोशिश करें कि पहले चरण में हर न्याय पंचायत में खेल का मैदान बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि आफिस मे समय से बैठकर जनता की समस्याओं को सुने और उसके बाद नियमित स्तर पर अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर कार्यो की प्रगति का स्थलीय निरीक्षण भी करें। उन्होंने कहा कि आई0जी0आर0एस0 शिकायतों का समय से निस्तारण करवायें और आय, जाति निवास प्रमाण पत्रों के निस्तारण में डिफाल्टर न होने दें। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि पी0एम0 किसान सम्मान निधि का डाटा समय से क्लीयर करें तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में पेन्डेन्सी को समय से दूर करें। ऑनलाइन पेंशन निस्तारण के संबंध में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि किसी तरह की पेन्डेन्सी न रखें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त /राजस्व युगराज सिंह, परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी अनिल कंसल, जिला पंचायती राज अधिकारी आलोक कुमार प्रियदर्शी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारीगण एवं समस्त खण्ड विकास विभाग के अधिकारी अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहें।

## उत्तर प्रदेश के जनपद एटा में उधौगपति ने लिया जन्म भूमि गांव गोद

निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-उत्तर प्रदेश के जनपद एटा के गांव हैदरपुर की तस्वीर बदल गई है, हैदरपुर ब्लॉक सकीट में आता है, जनपद के गांव ने सभी सरकारें देखी लेकिन किसी ने गांव नही देखा,जो आया वो सरकारी रुपए का बन्दर वाट कर के निकल लिया, गांव हैदरपुर ग्राम पंचायत मिश्री में लगता है, गांव के भगवान शरण दीक्षित के घर जन्मे राम गोपाल ने गांव को चालीस साल पहले छोड़ा और दिल्ली में वस गये, गांव के वेटे का सफर देश की राजधानी में शुरू हुआ, जहां विदेशी कंपनी का पहला कोन्टेक्ट पेंट जिप सप्लाई का मिला जो सफल रहा और यही से इन्ड्रस्टीज खड़ी की और उधौगपति का सफर सुरू हुआ , गांव में बड़े भाई के अन्तिम संस्कार में आये *राम गोपाल ने गांव के दलदल को देख इस मिट्टी के कर्ज को उतार ने के लिए गांव को गोद लिया और सरकार के सरकारी मशीनरी को भी एक उदाहरण प्रस्तुत किया सीमेंट कोंकरी ब्लॉक (सीसी रोड़)12इंच मोटी एक किलोमीटर कुल लम्बाई वनाया है,दूसरा मार्ग भी सीसी रोड तथा समसान के लिए सीसी रोड़ वनाया है, गांव में आधुनिक तरीके की धर्मशाला/बरात घर तथा पार्क एवं मां वैष्णो की सिद्धिपीठ का निर्माण कराया है,

गांव के दलित/गरीबों के घरों को बनाना, दलित की धर्मशाला निर्माण आदि नेक काम किया और जनपद में अमृत सरोवर तालाब को तीन बीघा जमीन अपनी देकर आधुनिक ( स्वीविंग पुल )का निर्माण इस में चार चांद लगाऐगा, गांव हैदरपुर के लाल ने सरकार के सरकारी मशीनरी में वैठे सरकारी तंत्र चलाने वाले लोगों के लिए अच्छा संदेश है,जो सीसी रोड़ दो इंच मोटा कराकर वाहवाही लूटते हैं, गांव में तीन बीघा जमीन और देकर आधुनिक तरीके की गौ साला निर्माण का निर्णय गांव में चार चांद गांव में उतारने का काम होगा, ऐसे निस्वार्थ सेवा भाव से 10 लोग निकले तो तस्वीरें गांव की कुछ और होगी, आज उत्तर प्रदेश के जनपद एटा के गांव हैदरपुर की तस्वीर देख आप सांसद/विधायक के गोद गांव को भी देखे और पाठ्यक्रम पढ़ें, *बारे सरकारी मशीनरी के कमीशन खोर सांसद/विधायक अपने गोद लिऐ गांव को देखें, और सबक ले इस मिट्टी के जन्मे लाल के गांव की तस्वीर देख कर

## सुधा बिहार की गली का निर्माण कार्य नगर निगम के अधिकारी अति शीघ्र कराएं-राकेश कुमार सिंह



लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ-भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने सुधा विहार कॉलोनी गले का दौरा किया गली से संबंधित सारी समस्याएं देखें जनता से मिले जनता ने बताया कि इस गली का टेंडर हो चुका है कई बार नापतोल हो चुकी है लेकिन अभी तक विकास कार्य शुरू नहीं हुआ है लोग यहां के परेशान हैं बरसात के दिनों में लोग घरों से बाहर निकलना दूभर हो जाता है इतना पानी भर जाता है के हद से ज्यादा भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि इससे संबंधित अधिकारियों से को इस समस्या से अवगत कराया जाएगा नगर निगम के अधिकारियों की बातचीत होगी इस सड़क के निर्माण कार्य के लिए हर संभव अति शीघ्र निर्माण कार्य कराने का प्रयास किया जाएगा किसान मोर्चा के नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि इस रास्ते पर लोगों ने मकान बनवा रखे मकान बनाकर रह रहे हैं लोगों ने मकान में पैसा लगाया है अगर यह रास्ता नहीं बनी तो मकान बेकार हो जाएंगे इस समस्या से संबंधित नगर निगम के अधिकारियों से भी मिला जाएगा कक्षा तीसरी के इस समस्या का समाधान कराने की मांग रखी जाएगी इस रास्ते की वजह से लोगों का कहना है कि बहुत दुख झेलने पड़ रहे हैं नगर निगम के अधिकारी समझ ले धनीपुर वार्ड नंबर 36 का मोहल्ला है इस रास्ते का निर्माण कार्य शीघ्र कराएं उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ की सरकार है लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

## यातायात जागरूकता एवम हेलमेट वितरण कार्यकम का सफल आयोजन



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-एटा महोत्सव के मंच पर आज यातायात जागरूकता एवम हेलमेट वितरण कार्यकम का सफल आयोजन किया गया, कार्यक्रम का उदघाटन ऋञ ह एटा ने फीता काटकर किया,

इस अवसर पर ऋञ ह एटा तथा टी एस आई बचान सिंह ने अपने संबोधन में लोगों को यातायात संबंधी जानकारी दी तथा हेलमेट लगाने को जागरूक किया, इस अवसर पर कार्यकम संयोजक वरिष्ठ पत्रकार इबलाश खान ने सैकड़ों लोगों को निशुल्क हेलमेट वितरित करते हुए लोगों से आवश्यक रूप से हेलमेट लगाने की अपील की, इस अवसर पर इंजीनियर नूर मोहम्मद खान, राहुल गुप्त एडवोकेट, ब्लॉक प्रमुख सिकंदरा राऊ देवेंद्र चौधरी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश गांधी, मेधावृत शास्त्री, अकरम खान, कवित्री चंद्रेश जैन, आदि ने भी अपने संबोधन में यातायात संबंधी जानकारी से लोगों को अवगत कराया, इस अवसर आप समाचार पत्र के जिला प्रमुख शैलेंद्र उपाध्याय, राकेश भदौरिया, सहित तमाम पत्रकारों को सम्मान भी किया गया

## तार काटने पहुंची विद्युत टीम को दौड़ाया, पथराव में आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ- धनीपुर में डॉ. बीआर अम्बेडकर की प्रतिमा का टूटने पर भड़के स्थानीय लोग। महानगर से सटे गांव धनीपुर में आंबेडकर पार्क में टूटे पड़े विद्युत तार को काटने पहुंची विद्युत टीम को ग्रामीणों ने दौड़ा दिया। इस दौरान बचाव में विद्युत टीम द्वारा ईंट पत्थर फेंके जाने से आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद माहौल बिगड़ गया और लोग आक्रोशित हो गए। इस सूचना पर इलाका पुलिस व एसीएम आदि पहुंच गए। बाद में विद्युत अधिकारियों के नई प्रतिमा लगवाने के आश्वासन पर विवाद शांत हुआ। हुआ यूं कि धनीपुर गांव में विद्युत लाइन का तार टूट गया था, जिसका कुछ हिस्सा आंबेडकर पार्क में पड़ा था। इस दौरान टीम ने तार काटकर वहां से हटाया तो पार्क में बैठी महिलाओं से किसी बात पर विवाद हो गया। इस दौरान महिलाओं ने विद्युत टीम को दौड़ा लिया। इस पर खुद को घिरता देख विद्युत टीम ने बचाव में ईंट पत्थर फेंक दिए। इस दौरान एक पत्थर लगने से आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त हो गई। बस फिर क्या था, गांव में बखेड़ा खड़ा हो गया। तमाम आंबेडकर अनुयायी एकत्रित होकर हंगामा करने लगे। खबर पर महुआ खेड़ा पुलिस व एसीएम आदि पहुंच गए। वहां ग्रामीणों को समझाया गया और विद्युत टीम को बुलाया गया। बाद में विद्युत अधिकारियों की ओर से मंगलवार को नई प्रतिमा लगवाने का आश्वासन दिया गया। तब जाकर हंगामा शांत हुआ। इंस्पेक्टर महुआ खेड़ा के अनुसार मामले में दोनों पक्षों में सहमति बनी है। किसी तरह की तहरीर नहीं आई है। इस दौरान सूचना पर बसपा व भीम आर्मी के लोग भी पहुंच गए थे, जिन्हें बाद में समझाकर वापस भेजा गया।

## फर्जी तरीके से शादी कराने वाले गैंग के मास्टर माइंड धर्मेंद्र सहित कई सदस्यों को किया गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-एटा में पुलिस ने लाखों रुपए लेकर फर्जी तरीके से शादी कराने वाले गैंग के मास्टर माइंड धर्मेंद्र सहित कई सदस्यों को किया गिरफ्तार, पकड़े गए गैंग के सदस्यों ने पीड़ित से डेढ़ लाख रुपए लेकर फर्जी तरीके से शादीशुदा 4 बच्चों की मां से धोखाधडी से करा दी थी शादी, मोबाइल की रिकॉर्डिंग से खुला फर्जी तरीके से शादी कराने वाले गैंग का राज, पीड़ित ने आरोपितों पर लगाए गंभीर आरोप, फर्जी मां, बाप और भाई बनकर करा दी थी पीड़ित युवक के साथ 4 बच्चों की मां से शादी,ये गैंग के लोग लाखों रुपए की मौटी रकम लेकर कराते है फर्जी तरीके से शादी, लुटेरी दुल्हन घर से रुपया जेवर लेकर फरार होने की थी फिराक में, उसके साथी गांव के बाहर माल समेटकर दुल्हन के आने का गाड़ी में बैठकर कर रहे थे इंतजार, पीड़ित पति प्रदीप ने फोन पर सुन ली थी लुटेरी दुल्हन और फर्जी शादी कराने वाले गैंग के सदस्यों की बात, गैंग की सदस्य नई नवेली दुल्हन 4 बच्चों की मां बताई जा रही है, कोतवाली देहात एस एच ओ सुनील कुमार सिंह, इसआई रूपचंद जावड़ा चौकी प्रभारी और हेड कांस्टेबल लोकेंद्र सिंह और पुलिस ने आरोपितों को लिया हिरासत में, पीड़ित ने नकली मां बाप बनकर नकली दुल्हन से शादी कराने वाले गैंग के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर




क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत चित्तूपुर रायवनगला में निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण किया



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आज विकास खण्ड कुन्दरकी के ग्राम पंचायत चित्तूपुर रायवनगला में निर्मित अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा सरोवर की पूर्ण परिक्रमा की गयी और निर्माण कार्य को गहनता पूर्वक देखकर संतुष्टि व्यक्त की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के चार लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए गये एवं 03 वी0सी0 सखियों को साडी भी वितरित की गयीं। इस मौके पर जिलाधिकारी ने क्षेत्रवासियों से कहा कि वे अपने पूर्वजों के नाम पर अमृत सरोवर की परिधि में फलदार एवं छायादार वृक्ष भी लगायें। जिलाधिकारी द्वारा स्थानीय लोगों को जल संचयन के प्रति भी जागरुक किया गया। बच्चों के माता-पिता को उनकी पढ़ाई लिखाई के बारे में जागरुक रहने के लिए कहा कि बच्चों की शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य है, अपने पुत्र एवं पुत्रियों दोनों को समान रुप से शिक्षा दिलवायें। जिलाधिकारी ने कहा कि आज उनकी शिक्षा के प्रति रखा गया ध्यान एवं मेहनत भविष्य में उनके, समाज एवं देश की प्रगति में सहायक सिद्ध होगी। इस अवसर पर परियोजना निदेशक श्री सतीश प्रसाद मिश्र, खण्ड विकास अधिकारी श्री सूर्यप्रकाश, सहायक खण्ड विकास अधिकारी श्री आलोक वर्मा, ग्राम प्रधान श्री सोमपाल सिंह एवं विकास खण्ड परिवार के अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# व्यापारी बंधुओ के साथ एसपी ने की मासिक गोष्ठी



अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती-पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की अध्यक्षता में पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में व्यापारियों के समुचित सुरक्षा व्यवस्था एवं उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु गोष्ठी की गयी। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद के सभी सम्मानित व्यापारियों का परिचय प्राप्त किया गया तत्पश्चात् गोष्ठी में आये व्यापारियों से सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। व्यापारियों द्वारा कस्बा भिनगा, इकौना व गिलौला तथा बैंकों के आस-पास लगने वाले जाम/अतिक्रमण व सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में बताया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा व्यपारियों को पुलिस विभाग द्वारा पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। साथ ही साथ सर्राफा व्यापारी/पेट्रोल पंप/गैस एजेंसी/भट्ठा मालिको निर्देशित किया गया कि आप लोग अपने माध्यम से जो गार्ड/चौकीदार रखतें हैं उनका पुलिस वेरिफिकेशन अवश्य करा लें तथा सीसीटीवी कैमरे आदि की भी समुचित व्यवस्था कर लें। पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्राफा व्यापारी व अन्य प्रतिष्ठान के मालिकों को बताया गया कि बाजारों/दुकानों में काफी भीड़-भाड़ होती है, इसलिए सभी लोग सीसीटीवी अवश्य लगवा ले तथा जो लोग पहले से लगवा रखे हैं तथा वह किसी कारणवश कार्य ना कर रहे हो तो उनकी मरम्मत करवा ले, दुकानों पर अनावश्यक भीड़ एकत्र ना करें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें या यूपी 112 डायल करें। यह भी बताया गया जिन व्यापारी बंधुओं के पास फायर सुरक्षा उपकरण मौजूद है तथा अकार्यशील है जा सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी व्यापारी बंधुओं को साइबर अपराध के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए जागरूक किया गया, उन्होंने बताया कि किसी अनजान लिंक पर क्लिक ना करें, किसी को अपना बैंक डिटेल,ओटीपी ना करें। यदि किसी के साथ साइबर फ्रॉड हो जाता है, तो तत्काल 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। साथ ही साथ नजदीकी पुलिस स्टेशन में भी शिकायत दर्ज करा सकतें है। गोष्ठी के उपरान्त व्यापारी बन्धों द्वारा पुलिस अधीक्षक को पुष्प गुच्छ भेंट किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार यादव , क्षेत्राधिकारी नगर अतुल कुमार चौबे, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक यातायात मनीष कुमार पाण्डेय, सभी थानो से आए हुए उपनिरीक्षकगण व दीनानाथ गुप्ता, घनश्याम रस्तोगी, सूफी सगीर अहमद, आलमगीर, लगभग 200 व्यापारी बंधु एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बारात में गए एक युवक को गांव के ही दो सगे भाइयों ने पीटा, मुकदमा दर्ज



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
अलीगढ- हरदुआगंज - बरात में गए एक युवक को गांव के ही एक व्यक्ति ने गिरा-गिराकर पीटा। लौटते में लोहे के औजार से हमला कर घायल कर दिया। शिकायत करने पर आरोपी के छोटे भाई ने भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। हरदुआगंज। थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर माछुआ गांव निवासी श्रवण कुमार पुत्र सुखवीर सिंह का आरोप है कि वह दो फरवरी को गांव से अलीगढ़ बरात में गया था। कार्यक्रम के दौरान गांव के ही योगेश उर्फ सोनू पुत्र सुनील जादौन ने उसे जान बूझकर धक्का मार दिया, जिससे वह गिर गया था। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी। बरातियों ने उसे बचाया। रात 11 बजे घर लौटते समय आरोपी ने लोहे के औजार से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके कान के ऊपर घाव हो गया। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोगों ने उसे बचाया।

आरोपी के भाई मोनू ने भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। श्रवण कुमार की तहरीर पर आरोपी भाइयों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# आधार आथेन्टीकेशन नही तो नही मिलेगी दिव्यांग पेंशन



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया है कि जनपद में दिव्यांग भरण पोषण अनुदान ( दिव्यांग पेंशन ) तथा कुष्ठावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे दिव्यांगजनों की दिव्यांग पेंशन आधार आथेन्टीकेशन न होने के कारण शासन/निदेशालय दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा रोक दी गयी है। जनपद के ऐसे दिव्यांगजन जिन्होंने आधार आथेन्टीकेशन अब तक नही कराया है वे शीघ्र ही जनसेवा केन्द्र, लोकवाड़ी केन्द्र (सी0एस0सी0), निजी कम्प्यूटर/स्मार्ट फोन द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर अपना मोबाइल नम्बर पंजीकृत करते हुए स्वयं अपने आधार को आनलाइन सत्यापित कराना सुनिश्चित करें।यदि पोर्टल पर आधार नम्बर सत्यापित करने में कोई समस्या उत्पन्न हो रही है तो किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, श्रावस्ती विकास भवन कमरा नं0-19 में उपस्थित होकर अपना आधार सत्यापित करा सकते हैं अथवा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के दूरभाष नं0-6307000093, 7985011650 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# जिलाधिकारी ने दस नवजात बच्चियों को बेबी किट भेंट कर मनाया कन्या जन्मोत्सव




प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा में बेटी बचाओं बेटी बढ़ाओं योजनान्तर्गत नवजात 10 बच्चियों को बेबी किट भेंट कर एवं उनकी माताओं को केक व मिठाई खिलाकर कन्या जन्मोत्सव मनाया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि बेटी बचाओं बेटी बढ़ाओं योजना महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की भारत सरकार की एक फ्लेगशिप योजना है। यह योजना मा0 प्रधानमंत्री द्वारा 22 जनवरी, 2015 को की गयी थी, जिसका मुख्य उद्देश्य गिरते बाल लिंग अनुपात में कमी को रोकना, कन्या भ्रुण हत्या को रोकना, बाल लिंग अनुपात में सुधार, लैंगिक समानता व महिला सशक्तिकरण सुनिश्चित कराना। बालिकाओं के अस्तित्व और संरक्षण को सुरक्षित कराना तथा बाालिकाओं को शिक्षा को बढ़ावा देना है, जिस क्रम में आज कन्या जन्म उत्सव मनाया गया है। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि हमारे देश कि बेटियां पढ़ लिख कर आगे बढ़े। और अपने देश का नाम रोशन कर सके। उन्होंने नवजात शिशुओं के माताओं से कहा कि बेटियों के जन्म पर खुशी मनाएं। बेटियों की पढ़ाई आदि को सुचारु रूप से आगे बढ़ाएं। बेटियों की शिक्षा हेतु प्रदेश सरकार द्वारा छात्रवृत्ति के साथ साथ कन्या सुमंगला योजना के तहत कई सुविधाएं प्रदान कर रही हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत जनपद में अभियान चलाकर लोगो को जागरूक भी किया जा रहा है। जिससे लोगों को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बेटी बेटा में कोई अंतर नहीं है। अपने बेटों कि तरह ही उनकी भी देखभाल कर बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने कहा कि बेटों और बेटियों को बराबर का दर्जा देना चाहिए। जिससे समाज में लगातार गिर रहे लिंगानुपात को काम किया जा सके। इसी अनुपात को बराबर लाने के लिए यह कार्यक्रम किया जा रहा है। बेटियां भी किसी क्षेत्र में लड़कों से कम नहीं है। इसलिए भेदभाव ना करके उन्हें भी अवसर प्रदान करे, जिससे वे आगे बढ़ सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आशुतोष, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिक्षक डा0 बी0पी0 सिंह, महिला कल्याण अधिकारी सरिता मिश्रा, संरक्षण अधिकारी मिथिलेश कुमार, जिला समन्वयक महिला शक्ति केन्द्र कुसुम श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# शादी से तीन दिन पहले लड़के वालों ने की डिमांड

सचिन ठाकुर ( निक्की )-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
अलीगढ- अलीगढ़ महानगर के क्वार्सी क्षेत्र के एक बेटी के परिवार को बेटी की शादी से तीन दिन पहले तगड़ा झटका लगा है। युवक पक्ष ने दहेज में वाहन न मिलने की बात कहकर तीन दिन पहले बारात लेकर न आने की धमकी दे दी। यह सुन बेटी के परिवार के हाथ पांव फूल गए। बात पुलिस तक पहुंची। मगर तमाम प्रयास के बाद भी युवक पक्ष बारात लेकर नहीं आया। हालांकि मामले में पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। वहीं युवक-युवती पक्ष के बीच देर रात समझौते की बात चल रही थी। घटनाक्रम इस तरह है कि क्वार्सी किशनपुर की युवती पिछले दिनों नोएडा के जेवर क्षेत्र में ब्याही अपनी रिश्ते की बहन के घर किसी समारोह में गई थी। जहां उसकी मुलाकात बहन के ही रिश्ते के देवर संग हो गई और दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। युवती स्नातक की पढ़ाई कर रही है और युवक नोएडा में एक कंपनी में जॉब करता है। बातचीत के बीच यह रिश्ता प्यार में बदल गया। चूंकि दोनों आपस में रिश्तेदार हैं। इसलिए दोनों के परिवारों ने इस रिश्ते को शादी के अंजाम तक पहुंचाने पर सहमति दे दी। आरोप है कि इसके बाद युवक-युवती का मिलना जुलना हुआ और संबंध भी बनाए गए। इसी बीच पांच माह पहले युवक पक्ष यहां आकर युवती की गोद भी भर गए। इसके बाद युवती कई बार जेवर गई और युवक भी उससे मिलने यहां आया। 6 फरवरी शादी की तारीख नियत की गई। दोनों परिवारों में शादी की तैयारी चल रही थी। युवती पक्ष ने कार्ड आदि भी बांट दिए। इसी क्रम में तीन दिन पहले युवक पक्ष के यहां से फोन आया और कहा कि अगर आप लोग दहेज में कार या बुलट बाइक नहीं देंगे तो हम लोग बारात लेकर नहीं आएंगे और न यह शादी करेंगे। यह सुनकर युवती पक्ष दंग रह गया। रिश्तेदारों के जरिये तमाम मनुहार की गई। मगर वह इसी जिद पर अड़ा रहा। इसके चलते सोमवार सुबह युवती के साथ परिजन क्वार्सी थाने पहुंचे। जहां तहरीर दी गई। पुलिस द्वारा युवक पक्ष से वार्ता की गई और उसकी ओर से देर शाम अलीगढ़ आकर वार्ता करने पर सहमति दी। देर शाम तक युवक पक्ष के आने का इंतजार था। इधर, युवती के परिवार में शादी की खुशी व तैयारियां जहां की तहां रुक गई थीं। बता दें कि युवती घर में सबसे बड़ी है। उससे छोटी एक बहन व एकभाई है। इंस्पेक्टर क्वार्सी के अनुसार तहरीर मिल गई है। देर शाम तक दोनों पक्षों में समझौता वार्ता जारी है। अगर बात नहीं बनी तो मुकदमा या अन्य जो भी कार्रवाई होगी, वह की जाएगी।

# कुदरगढ़ी मां के नाम से उत्पन्न हुई माता, सैकड़ों लोगों की हो रही मनोकामनाएं पूर्ण, लेकिन सुविधाओं का अभाव



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
सूरजपुर- जिले के चांदनी बिहारपुर से लगभग 3 किलोमीटर दुर पाठक पेट्रोल पंप के समीप मेन रोड से महज 200 मीटर दूरी पर रकसगंडा जलप्रपात जाने वाली पगडंडी रास्ता में लगभग तीन-चार माह पहले माता की मूर्ति उत्पन्न हुई हैं। जिसे लोगों ने मां कुदरगढ़ी के मान कर पूजा अर्चना करते आ रहे हैं और अपनी हर मनोकामनाए पूर्ण कर रहे हैं। माता की नई उत्पन्न होना सुनकर लोगों ने सैकड़ों की संख्या में रोजाना दर्शन कर अपनी अपनी मनोकामनाएं पूर्ण कर रहे हैं जहां पर भीड़ लगनी चालू हो गई है।

## माता की व्यवस्था सहित श्रद्धालुओं को सुविधाओं का अभाव

तीन-चार माह बीतने के बावजूद अब कुदरगढ़ माता के नाम से प्रसिद्ध स्थल होते जा रहा है पर कोई व्यवस्था नहीं है। जहां प्लास्टिक का दीवाल बनाकर और बांस लकड़ी का कोटा का छावनी बनाकर वहां की पंडा आए श्रद्धालुओं से बातचीत करते हैं जिसे माता की पंडा ने शासन प्रशासन से माता की महिमा एवं श्रद्धालुओं के सुविधाएं जैसे पानी, और माता की मंदिर व अन्य आवश्यक चीजों का मांग करने की अपील की है। रोजाना लगभग 50 से 100 लोग माता की दर्शन करने पहुंच रहे हैं और नारियल चुनरी अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिए बांध रहे है। चांदनी क्षेत्र वासियों ने मां कुदरगढ़ी कि नया उत्पन्न होने से हर्ष में हैं। और शासन प्रशासन से देवी स्थल पर सुविधाओं की मांग कर रहे हैं।

# गैंगस्टर प्रेमपाल व शिवचरन की संपति की जब्त



मोहम्मद जुनेद
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
बरेली-बहेड़ी- गैंगस्टर एक्ट के आरोपी दो भाइयों की 1 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति कुर्क कर ली गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी तेजवीर सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी संगठित गिरोह बनाकर अपराध करते हैं जिसके चलते इन दोनों युवकों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया है। गैंगस्टर अधिनियम की धारा 14 (1) के तहत इनकी संपत्ति कुर्क की गई है।बहेड़ी थाना के ग्राम सुकटिया याक़ूबगंज निवासी गैंगस्टर एक्ट आरोपित दो भाइयों की एक करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति एसडीएम अजय कुमार उपाध्याय और सीओ तेजवीर सिंह की मौजूदगी में कुर्क कर ली गई। आरोपी प्रेमपाल व शिवचरण पुत्र काशीराम पर कई मामले में थानों में मुकदमे दर्ज हैं। सोमवार को को उपजिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय, सीओ तेजवीर सिंह, कोतवाल श्रवण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उनकी संपत्ति को कुर्क कर दिया। ज़मीन को कुर्क करने के बाद ढोल बजाकर ग्रामीणों को इसकी सूचना दी है।कुर्क की गई ज़मीन की कीमत तकरीबन 1.05 करोड़ बताई गई है। कुर्क की गई संपत्ति में दो ट्रैक्टर एक स्कॉर्पियो तीन मोटर साइकिल एक बोलेरो भी शामिल है। दोनों भाई कुर्की के बक्त घर पर मौजूद नहीं थे। एसडीएम ने कहा कि कुर्क की गई ज़मीन को कोई इस्तेमाल नहीं करेगा अगर कोई व्यक्ति ऐसा करते हुए पाया जाता है उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। यहां यह बता दें कि अपराध के जरिए अर्जित धन से चल-अचल संपत्ति बनाने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है